तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 26 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 एग्रीस्टैक में छूटे हुए शेष किसानों का अब...





14 ग्रामीणों में नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरुकता...




## खबर संक्षेप

### मछली पकड़ने गये ग्रामीण की डूबने से हुई मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गए ग्रामीण का डूबने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कन्हनपुरी निवासी 45 वर्षीय दिलीप सलाम 24 नवंबर को गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात की डूबने से हो गई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कुष्टीकुर में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में डूबा हुआ मिला। कुष्टीकुर निवासी 36 वर्षीय महेश पोटाई ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को अज्ञात का शव दिखाई दिया, जिसका उम्र 40-45 वर्ष है। अज्ञात व्यक्ति का डूबने से मौत हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा आज जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा संदीप शर्मा 26 नवम्बर को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 9.30 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान, मध्यान्ह भोजन एवं छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 तक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे, जिसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### मृतक के परिजन के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम राजपुर निवासी 55 वर्षीय फागूराम कावड़े की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी बनको बाई के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## रफ्तार का कहर : राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर रॉंग साइड से आ रही कार से मची अफरा-तफरी

# ज्ञानी तिराहा के पास आमने-सामने दो कारों की जोरदार भिड़ंत, एयरबैग ने बचाई कई की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सोमवार 24 नवंबर की देर रात ऐसा मंजर देखने को मिला, जिसने कुछ ही क्षणों के लिए घायलों के

- कुछ सेकेंड की देरी होती तो हो जाती बड़ी जनहानि
- खबर मिलते ही मदद के लिए यातायात व पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुँची

परिवार में दहशत फैला दी। ज्ञानी चौक से लगभग 100 मीटर पहले दो कारों के बीच जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। तेज रफ्तार और अचानक सामने आई गलत दिशा की गाड़ी के कारण हुआ यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। हादसे का वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने इसे देखते ही कहा इसके बाद भी सभी की जान बच गई, यह किसी चमत्कार से कम नहीं।

जानकारी के अनुसार सोमवार 24 नवंबर की रात लगभग साढ़े 11 बजे, ज्ञानी चौक की ओर से आ रही कार क्रमांक एपी 29 बीबी 5606 कांकेर की दिशा में सामान्य गति से बढ़ रही थी। यह कार राहगीरों के अनुसार रॉन्ग साइड से आ रही थी। कारण यह बताया गया कि उनका निवास कुछ ही दूरी पर इसी दिशा में था, जहां पहुंचने के लिए उन्होंने गलत दिशा में गाड़ी मोड़ ली ▶▶| शेष पेज 12 पर







### छह लोग घायल, सभी का चल रहा इलाज

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों का इलाज शुरू किया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों कारों में कुल सात लोग सवार थे। इनमें कुछ को सिर, हाथ, और सीने में चोटें आईं, जबकि कुछ को मामूली खरोंचें लगीं। सौभाग्य से किसी भी घायल की स्थिति जीवन-घातक नहीं बताई गई। कार क्रमांक एपी 29 बीबी 5606 में सवार झुनियापारा निवासी अलका परते, उनके आँख में, ब्रम्हानंद ठाकुर पिता स्व. लखन लाल निवासी सिंगारभाट के सिर में, झुनियापारा निवासी अमिता के पैर और कमर में को चोट आई है। इस कार में एक बच्ची मिष्ठी परते थी, जो पूरी तरह से सुरक्षित रही। इसी प्रकार से कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4962 में सिंगारभाट निवासी जशवंत मंडावी को सिर में, व्यासकोंगेरा निवासी हितेश नेताम और व्यासकोंगेरा निवासी सेवक भास्कर को मामूली चोट आई है।

### एयरबैग ने बचाई जान टाला बड़ा हादसा

तेज रफ्तार वाली कार के दोनों एयरबैग टक्कर के साथ ही खुल गए। इससे कार के अंदर बैठे लोग सामने डैशबोर्ड या शीशे पर सिर और छाती की गंभीर चोटों से बच गए। वाहन विशेषज्ञों का मानना है कि यह हादसा अगर पुराने मॉडल की बिना एयरबैग वाली कार से होता, तो परिणाम पूरी तरह अलग हो सकता था। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर एयरबैग नहीं खुलते तो कम रफ्तार वाली दूसरी कार पर टक्कर की मार कई गुना अधिक पड़ती और जानलेवा स्थिति बन सकती थी।






### मौके पर फैली दहशत वीडियो ने बढ़ाई चिंता

घटना का वीडियो मंगलवार 25 नवंबर को सामने आया है, जिसमें दोनों कारों की टक्कर का भयानक असर साफ दिखता है। अगले हिस्से के टूट-फूट, उखड़े हुए पार्ट्स और सड़क पर बिखरे टुकड़े देखते ही लोगों को अंदाजा लगा कि दुर्घटना कितनी गंभीर थी। वीडियो सोशल मीडिया में भी सुबह से फैल गया और लोग दिनभर इस हादसे को लेकर चर्चा करते रहे। चर्चा में बताया कि ब्रम्हानंद ठाकुर कांकेर के सीएमओ के भाई है और उनके साथ के लोग परिवार के सदस्य है।

### पेट्रोलिंग और यातायात टीम ने दिखाई तत्परता

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम और यातायात विभाग मौके पर पहुंच गए। घायलों को तुरंत निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया। सड़क पर दोनों कारें बुरी तरह फंसी हुई थीं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो चुका था। पुलिस टीम ने दोनो वाहनों को किनारे लगवाया। रात का समय होने के कारण कुछ वाहनों को रुकना पड़ा, लेकिन पुलिस की तत्परता की वजह से स्थिति जल्दी काबू में आ गई। समाचार लिखे जाने तक एक पक्ष एफआईआर करवाने थाना पहुँचा और एफआईआर लिखे जाने की कार्रवाई जारी थी।

# पं.प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा आज से, तैयारी हुईं पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सिहोर वाले बाबा पं. प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा के भव्य

- सात दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

आयोजन के लिए भानुप्रतापपुर पूरी तरह तैयार है। 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस सात दिवसीय कथा में क्षेत्र ही नहीं, छत्तीसगढ़ व पड़ोसी राज्यों से भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा आयोजन समिति व जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में हर स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गई है। कथा स्थल के आसपास सुरक्षा, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवा, यातायात नियंत्रण व भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कथा स्थल के अंदर और बाहर सुरक्षा दृष्टि से पुलिस बल की भारी तैनाती की जा रही है। क्षेत्र को सेक्टरों में बाँटकर सुरक्षा जिम्मेदारियाँ तय की गई हैं। पुलिस, सीएएफ व स्थानीय फोर्स सहित बड़ी संख्या में जवान तैनात, सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर निगरानी, ड्रोन से भीड़ नियंत्रण व ट्रैफिक सर्विलांस, एंट्री पॉइंट्स पर मेटल डिटेक्टर व बैग चेकिंग, चिकित्सा टीम व एम्बुलेंस की उपलब्धता ▶▶| शेष पेज 12 पर



## एक से अधिक स्थानों में गणना पत्रक जमा करना दंडनीय अपराध

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवम्बर 2025 से शुरू हो चुका है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्रों का वितरण लगभग पूर्ण हो गया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है, या ऐसे निर्वाचक के मामले में जो जानता है कि उसका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना ▶▶| शेष पेज 12 पर

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की दबिश, कई आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के खिलाफ जिले की पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। इसी क्रम में पखांजुर और गोंडाहूर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पखांजुर पुलिस ने 24 नवंबर को पीवी-14 श्याम नगर में छापामार कार्रवाई कर 27 वर्षीय निवास चौधरी को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने घर के आंगन में लोगों को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। इसके अलावा गोंडाहूर पुलिस ने 24 नवंबर को दो स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में पीवी-16 कल्याणपुर निवासी 28 वर्षीय विप्लव ▶▶| शेष पेज 12 पर



# दुर्घटना से मौत के तीन प्रकरण में मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना में तीन अलग अलग प्रकरण में मर्ग कायम किया गया। खेड़पाली निवासी 27 वर्षीय जयराम आंचले ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर को नारायणपुर पुलिया के पाय अंतागढ़ निवासी 28 वर्षीय बिरेंद्र कुमार आंचले सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। वही दूसरे प्रकरण में भानुप्रतापपुर निवासी 50 वर्षीय गोपाल साहू सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 14 नवंबर को मौत हो गया।




वही तीसरे प्रकारण में भानुप्रतापपुर निवासी 35 वर्षीय खलली खान को डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया था कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था। इलाज के दौरान 14 अक्टूबर को मौत हो गया।

## कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# छात्रावास में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

आदिवासी छात्र युवा संगठन इकाई पखांजुर ने पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास पखांजुर में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं और अधीक्षिका की लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। संगठन ने कलेक्टर और सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने बताया कि छात्रावास पिछले 4-5 माह से संचालित हो रहा है, लेकिन छात्राओं को बुनियादी सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही हैं। छात्राओं के लिए बिस्तर, गद्दा, बेडशीट, मच्छरदानी और पंखों की व्यवस्था नहीं है। उपलब्ध पंखे भी अधिकांशतः खराब स्थिति में हैं। संगठन के अनुसार छात्राओं को हर दिन पपीता, केला, आलू, कुंदरू और पत्तागोभी ऐसी एक जैसी ही सब्जी परोसी जा रही हैं। कई बार खराब सब्जियाँ दिए जाने से छात्राएँ बीमार हो रहें है। बीमार पड़ने पर अधीक्षिका द्वारा कोई गंभीरता नहीं बरती जाती और छात्राओं को केवल घर फोन कर माता-पिता को बताओ कहकर टाल दिया जाता है। संगठन ने याद दिलाया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर



### लापरवाह अधीक्षिका को तत्काल हटाया जाए

संगठन ने प्रशासन को 15 दिवस का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस अवधि के भीतर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो आदिवासी छात्र युवा संगठन पखांजुर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### सुरक्षा और निगरानी उपेक्षित

छात्रावास परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए हैं, जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताई गई है। इसके अलावा अधीक्षिका के लिए अलग कमरा होने के बावजूद वे अधिकांश समय अनुपस्थित रहती हैं और सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही आती हैं।

## खबर संक्षेप



### पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल को दी व्हीलचेयर

**जगदलपुर।** पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल में सोमवार को भावपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब स्व. दिनेश मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी अंजली मिश्रा ने अस्पताल के लिए व्हीलचेयर दान की। इस अवसर पर उनकी बेटियां सोनल मिश्रा एवं प्रेरणा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप देवांगन, समाजसेवी हीरामन कुकड़े, आड़ावाल सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, उपसरपंच जेना तथा ग्राम सचिव तूलमनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिश्रा परिवार की इस सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना की।

### राजीव भवन में प्रदेश महामंत्री ने ली बैठक

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने राजीव भवन में संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, गौरनाथ नाग, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, पार्षद, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तसर रेशम कृषक मेला का आयोजन 28 को

**जगदलपुर।** तसर रेशम कृषक मेला 28 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बस्तर अंचल के रेशम कृषकों को तसर उत्पादन की नवीनतम और उन्नत तकनीकों से परिचित कराना है, जिससे उनकी उपज गुणवत्ता और आर्थिक आय में वृद्धि हो सके।वहीं बस्तर के वन मण्डल अधिकारी श्री उत्तम कुमार गुप्ता, रेशम विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेश बघेल, शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, बुनियादी तसर रेशम बीज संगठन बिलासपुर के निदेशक डॉ एनके भाटिया और केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची के निदेशक डॉ बालाजी चैधरी विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

### सरपंच भरत ने किया मितानिनों का सम्मान

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मितानिनों के कार्य, सेवा एवं समर्पण को याद किया गया। सरपंच भरत कश्यप ने मितानिनों का सम्मान किया। कश्यप ने कहा कि अपनी सेवा के माध्यम से मितानिनों ने समाज के निर्माण में अपनी और उल्लेखनीय भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था तंत्र के साथ स्वास्थ्य को लेकर मितानिन जो कर रहे हैं वह सराहनीय है। नवरात्रि का पर्व हो या किसी और त्योहार का मितानिन बिना छुट्टी के काम पर डटे रहते हैं।

---

**धान खरीदी : समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को राहत**

# किसानों की मेहनत और फसलों की रंगत उपार्जन केंद्रों में बिखर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों के खेतों की मेहनत और फसलों की रंगत अब धान खरीदी केंद्रों में दिखने लगी है। पिछले छह माह में बीज से पौधे व पौधों से तैयार हुई धान की बालियों की पूरी-पूरी कीमत अपने श्रमवीर किसानों को प्रदेश सरकार चुका रही है। गत वर्ष की भांति वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से छत्तीसगढ़ सरकार कृषकों से धान का क्रय कर रही है, जिसकी झलक उनकी संतुष्टि और मुस्कान के पीछे देखी जा सकती है।



जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम रामपुर निवासी किसान राधेश्याम साहू ने अपनी मेहनत और लगन से बेहतर उपज प्राप्त कर इस वर्ष चवांड़ धान उपार्जन केन्द्र में 23 क्विंटल धान बेचा है। किसान ने बताया कि उनकी 1.20 एकड़ कृषि भूमि में परंपरागत तरीके से धान की फसल ली जाती है। उन्होंने बताया कि उनके तीन सदस्यीय परिवार में पत्नी खेती-किसानी में हाथ बंटाती हैं, वहीं उनका पुत्र राजमिस्त्री का कार्य कर परिवार का सहयोग करता है। किसान राधेश्याम साहू ने कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी ने किसानों को बड़ी राहत दी है। समय पर खरीदी, सुविधाजनक व्यवस्था और किसानों की मेहनत का उचित दाम मिलने से जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा धान बेचकर प्राप्त पैसे से अपने परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने के साथ खेती को और बेहतर व उन्नत बनाने की कोशिश रहेगी। इस प्रकार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाने वाली कृषि और किसानों के अथक परिश्रम का मूल्य देने में छत्तीसगढ़ सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश के किसानों के चेहरे पर आत्मसंतुष्टि और मुस्कान लाने सरकार का भगीरथ प्रयास सफल हो रहा है।



### दुर्गुकोंदल में धान खरीदी का शुभारंभ, लेम्पस अध्यक्ष ने की पूजा अर्चना

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत लेम्पस कोड़े कुर्सी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया गया। लेम्पस अध्यक्ष एवं काराकी सरपंच जवाहर ठाकुर के द्वारा पूजा कर खरीदी कार्य का औपचारिक आरंभ किया गया। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों की उपस्थिति में शुरू हुए इस कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा, जहां किसानों ने नए खरीदी सीजन को लेकर अपनी उम्मीदें व्यक्त कीं। कार्यक्रम में लेम्पस अध्यक्ष जवाहर ठाकुर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे टोकन के अनुसार अपनी बारी आने पर ही धान लेकर पहुंचे, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्तायुक्त, साफ-सुथरा और नमी रहित धान ही उपार्जन केंद्र में लिया जाएगा। अध्यक्ष ने किसानों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसानों को बिना किसी परेशानी के सुगम खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में लेम्पस कर्मचारी संतु पांडे और दिपेश मरकाम ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए किसानों को प्रक्रिया की जानकारी दी। उपस्थित किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों का संचालन समय पर शुरू होने से किसानों में राहत है। किसानों ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष खरीदी कार्य सुचारू और पारदर्शी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर चर्चा की तथा शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। पूजा-पाठ के साथ शुरू हुए खरीदी सीजन ने क्षेत्र के किसानों में उत्साह का संचार किया है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष भी खरीदी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा। इस मौके पर सुखचंद प्रजापति, रजमन कोवाची, रामलाल जैन, कमल साहरे, शत्रु जैन, प्रभु नेताम, रघुनंदन गोस्वामी, चमर सिंह कोंटिगला, चैन सिंह जैन, तुका पटेल, गंगाराम सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



### पुरी केंद्र में पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई धान खरीदी

**चारामा।** सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होते ही चारामा विकास खंड के कई समितियां में धान की खरीदी सोमवार से शुरू हुई। हालांकि कई केन्द्रो में मंगलवार से खरीदी प्रारंभ की जाएगी।, सोमवार को ग्राम पुरी स्थित धान खरीदी केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। सुबह स्थानीय किसानों की उपस्थिति में केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों ने पूजा कर नये खरीदी सीजन की शुरुआत की।

पूजा के पश्चात किसानों धान तौल प्रक्रिया शुरू की गई। केंद्र प्रभारी ने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। किसानों की सुविधा हेतु पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा तौल केंद्र पर मशीनों की जांच भी पूरी कर ली गई है। पहली ही दिन कई किसानों ने उत्साहपूर्वक धान बेचकर खरीदी प्रक्रिया का लाभ उठाया। किसानों ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष खरीदी सुचारू रूप से चलेगी तथा उन्हें समय पर भुगतान प्राप्त होगा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। धान खरीदी शुरू होने से किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

#### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर खरीदी प्रभारी अनुराग साहू, समिति अध्यक्ष बलराम ठाकुर, सरपंच दीपक गावड़े, गायता ललित ठाकुर, ग्राम प्रमुख दुखु राम गोटा, छबि लाल गोटी,समेत किसान भारी संख्या में उपस्थित रहें।*

## दुष्कर्म के मामले में युवक को 20 साल का कठोर कारावास

**कांकेर।** कांकेर में डेढ़ साल पहले नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एवं अतिरिक्त प्रभारी अपर सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय द्वारा साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर दिया गया। लोक अभियोजक ईश्वरलाल साहू ने बताया कि मामला 8 मई 2024 का है, जब कांकेर थाना क्षेत्र में रात करीब 8 से 9.30 बजे के बीच 14 वर्ष 4 माह की नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी लालटून कुमार साहू (30 वर्ष), पिता कुलदीप साहू, मूल निवासी नरियरवा विशुनुपर, थाना तुरकोलिया, जिला मोतिहारी (बिहार) है, जो वर्तमान में कांकेर थाना क्षेत्र में रह रहा था। घटना वाले दिन आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर पहले खाना खाने के लिए रोका। जब पीड़िता जाने लगी तो आरोपी रात का हवाला देते हुए उसे अपने कमरे में ले गया। रात में उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी उसी रात अपने परिचितों को दे दी थी। अगले दिन पीड़िता ने कांकेर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 376 भादवि तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक ने बताया कि प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय ने मामले की सुनवाई के दौरान बयान एवं साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को उक्त अपराध में दोषी पाकर धारा 04 एक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1000 रूपएं का अर्थदण्ड से दण्डित क्रिया।

### मॉडल यूथ ग्राम सभा का बच्चों ने किया मंचन

**बास्तानर।** पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय मंत्रालय के सहयोग से नवोदय विद्यालयों और एकलव्य विद्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया रहा है । जिससे बच्चों के साथ साथ बड़ों को भी ग्राम सभा की शक्ति का पता चले। लोकतंत्र की इस पाठशाला कार्यक्रम को मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें सरपंच से लेकर सचिव तक तथा विभिन्न समितियों के प्रमुख सहित सभी से ग्राम सभा के सदस्यो द्वारा सवाल पूछे गए। जिनका जवाब सरपंच बने शेखर व सचिव सुमित ने बहुत ही अच्छी तरह से दिया। बच्चों ने लाइब्रेरी, खेल मैदान, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशा आदि से संबंधित प्रश्न पूछे और सरपंच आश्वासन देते नजर आए।स्वागत भाषण प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने प्रस्तुत किया ।

## डिप्टी सीएम के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिला के प्रभारी अरुण साव के जन्मदिन के अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

■ चलाया गया स्वच्छता अभियान



नगर में सुबह से स्वच्छता अभियान डबरी दाई तालाब में चलाया गया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण, दोपहर को रानी दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त दान शिविर, मारीजो को फल वितरण, नगर के सभी शासकीय स्कूलों में न्यौता भोज, कार्यक्रम, नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों व वृद्धा आश्रम नाथियानवागांव में कंबल व शाल का वितरण किया गया। शाम को हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण, रात को गायत्री मंदिर के सामने लोक कलाकार हिरेश सिन्हा के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के श्रोताओं ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम के आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा नेता नंद कुमार ओझा के नेतृत्व में किया गया। साथ ही गायत्री परिवार, नगर के व्यपारी, अधिकारी, कर्मचारी एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, उमा शर्मा, खुशी जोतवानी, संतोष नाहर , संतोष ओझा, धर्मेन्द्र कुंजाम, धर्मेन्द्र सोनकर, भोजराज सोनी, अजय जगवानी, अमृतराज सिंहा, प्रियेश सेन, सत्येंद्र गुप्ता, भूपेन्द्र साहू, दीपक सोनकर, रजनी यादव, जय श्री सिंहा, करण निर्मलकर, दिलीप गिद्वानी, लोकेश सोनकर, देव तारक, आशीष उईके, खेम यादव, बसंत सोनकर, आयुष श्रीवास्तव व अरुण साव फ्रेंड्स क्लब चारामा के सभी सदस्य उपस्थिति रहे।

### उप मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किया रक्तदान

चारामा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग व कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने जरुरतमंद व्यक्ति को रायपुर इंटीट्यूट मेडिकल ऑफ साइंस जाकर रक्तदान किया। उप मुख्यमंत्री सदैव जनता के हितों को सर्वोपरि रखे, नगरीय निकायों के विकास हो, जनजातीय क्षेत्र के उन्नयन की बात, हर निर्णय में जनकल्याण और पारदर्शिता उनकी प्राथमिकता रही। जिले के विकास में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में उनका हमेशा योगदान रहा है।



## शिक्षा अधिकारियों का निरीक्षण, परीक्षा की तैयारी को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे एवं खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम ने मंगलवार को विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों तथा नवोदय प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर तथा कोचिंग व्यवस्था का अवलोकन किया। सर्वप्रथम अधिकारियों ने हाईस्कूल ईरागाँव का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्वयं कक्षा दसवीं में अध्यापन कराया। बच्चों के विषयगत स्तर की जांच करने के बाद कमजोर विद्यार्थियों को उपचारात्मक शिक्षण देने तथा अध्ययन में सुधार के लिए शिक्षकों को विशेष निर्देश दिए, जिसके बाद संकुल केंद्र में संचालित नवोदय कोचिंग कक्षा का अवलोकन किया गया। यहां उपस्थित सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अधिकारियों ने मेहनत और लगन से तैयारी करने की सलाह दी तथा अधिक से अधिक बच्चों के चयन के लिए रणनीति बनाने को कहा। बच्चों में उत्साह बढ़ाने के लिए दोनों अधिकारियों ने सभी को बिस्किट भी वितरित किए। तत्पश्चात दमकसा स्थित हायर सेकंडरी स्कूल एवं वहां चल रही निःशुल्क नवोदय कोचिंग का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्कूल की निर्माणाधीन अटल टिंकरिंग लैब का भी अवलोकन किया और इसके बेहतर उपयोग तथा रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में अधिकारियों ने हायर सेकंडरी स्कूल लोहत्तर तथा वहां संचालित नवोदय कोचिंग कक्षा का निरीक्षण किया। कोचिंग में मौजूद बच्चों से विप्लव कुमार सिंह डे ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और पूरी लगन से पढ़ाई करने पर जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने का आश्वासन दिया। बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप यहां भी बिस्किट वितरित किए गए।



निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने शिक्षकों से कहा कि कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देते हुए प्रत्येक पात्र बच्चे को नवोदय विद्यालय में चयनित कराने का लक्ष्य रखा जाए। बच्चों में आए उत्साह और अधिकारियों के सक्रिय हस्तक्षेप से क्षेत्र में नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## तिमेड़ चेक पोस्ट पर 333 क्विंटल अवैध धान जब्त

**बीजापुर।** समर्थन जिले में मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों में अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में तिमेड़ चेक पोस्ट पर बड़ी कार्रवाई की गई। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र व तेलंगाना की ओर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे एक ट्रक को चेकिंग के दौरान रोका गया। ट्रक क्रमांक टीजी 07 डब्लू 2268 से 556 बोरी धान, कुल अनुमानित 333 क्विंटल बरामद किया गया। वाहन चालक वी. राजू ने बताया कि धान नुज़ीविडू सीड्स लिमिटेड, मंचेरियाल तेलंगाना से बरगढ़, ओडिशा प्रोसेसिंग के लिए भेजा जा रहा था लेकिन मौके पर वह किसी भी प्रकार का डिलीवरी ऑर्डर या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेजों के अभाव में एसडीएम यशवंत नाग के निर्देश पर तहसीलदार लक्ष्मण राठिया और मंडी उपनिरीक्षक देवराज ठाकुर द्वारा धान एवं वाहन को जप्त कर थाना प्रभारी भोपालपटनम जीवन जांगड़े को सुपुर्द किया गया।

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन**

## डिजिटाइजेशन के नायकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चुनावी प्रक्रिया में सटीकता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर हरिस एस ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। यह सम्मान मतदाताओं के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के असाधारण लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदान किया गया है। कलेक्टर द्वारा सराहे गए अधिकारियों में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के बीजापुट मतदान केंद्र के बीएलओ एमके राणा शामिल हैं, जिन्होंने अपने केंद्र के 646 मतदाताओं का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया है। वहीं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के बड़े किलेपाल-1 मतदान केंद्र के बीएलओ बोमड़ा राम मंडावी को भी उनके प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने केंद्र के 782 मतदाताओं का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया है। कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कार्य न केवल मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाएगा, बल्कि अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। अपने अनुभव साझा करते हुए, सम्मानित बूथ स्तरीय अधिकारियों ने बताया कि इस जटिल कार्य में सबसे बड़ी चुनौती शादी के उपरांत उनके क्षेत्र में नए पते पर निवासरत महिला मतदाताओं का सत्यापन करना था। पुरानी जानकारी के अभाव में यह कार्य कठिन था, किंतु धैर्यपूर्ण और मिलनसार व्यवहार से यह कार्य आसान हो गया। उन्होंने बताया कि महिला मतदाताओं के पूर्व में निवासरत पते के आधार पर सारी जानकारी ऑनलाइन निकालकर इस सत्यापन कार्य को तीव्रता से और सटीकता के साथ पूरा किया गया। बूथ स्तरीय अधिकारियों के विनम्र व्यवहार के कारण ही ग्रामीणों का भी इस महत्वपूर्ण कार्य में भरपूर और सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रकार, समर्पण, तकनीक और बेहतर नागरिक संवाद के समन्वय से इन अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के एक महत्वपूर्ण चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।



### पेज 11 के शेष...

#### ज्ञानी तिराहा...

थी। उधर, कांकेर शहर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 4962 मानो पूरी गति पकड़े हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह कार इतनी तेज थी कि कम स्पीड में चल रही दूसरी कार चालक के पास बच निकलने का कोई मौका नहीं था। दोनों वाहन आमने-सामने आए और कुछ ही सेकंड में तेज धमाके के साथ भिड़ंत हो गई। इस हादसे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सड़क पर लापरवाही का एक छोटा-सा निर्णय भी बड़ा खतरा बन सकता है। रॉन्ग साइड से आना तेज रफ्तार रात का समय कम दृश्यता इन सभी कारणों ने दुर्घटना को गंभीर बनाने में भूमिका निभाई।

#### पं.प्रदीप मिश्रा...

है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर विशेष नजर रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भानुप्रतापपुर दल्ली राजहरा मार्ग पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। यात्री व छोटे वाहन साल्हे चौक, खदान, मरकाटोला की ओर से संचालित होंगे। भारी वाहनों का आवागमन सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। कथा स्थल के आसपास नो-व्हीकल जोन बनाया गया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्थान-स्थान पर मार्गदर्शन के लिए जवान तैनात किए जाएंगे। कथा स्थल कच्चे मैदान में तैयार किए गए विशाल पंडाल में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए विशेष ज़ोन बनाए गए हैं।

भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयारीः आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन पूर्णतः भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जो भक्त व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकेंगे, वे चैनल के माध्यम से कथा का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। ऑनलाइन मंचों पर भी कथा का लाइव टेलीकास्ट उपलब्ध रहेगा।

#### एक से अधिक...

प्रपत्र जमा करता है। अथवा इस प्रकार गणना प्रपत्र में ऐसी घोषणा करता है जो गलत है या जिसके बारे में वह जानता है या मानता है कि वह सत्य नहीं है, वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है।

#### अवैध शराब के...

सरकार और पीवी 08 निवासी 33 वर्षीय विकास महलदार को हाथ भट्टी से बनी महुआ देशी शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने शराब और डिस्पोजल कप को फेंकने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया गया। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 (च) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में पीवी 113 ब्रम्हपुर निवासी 28 वर्षीय सुकदेव चौधरी को पकड़ा गया। आरोपी की मोटरसाइकिल की डिक्की से प्लास्टिक की झिल्ली में पैक 7 पैकेट देशी महुआ शराब, कुल साढ़े 4 लीटर, बरामद की गई। पुलिस ने लगभग 630 रुपए मूल्य की शराब और मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार और सार्वजनिक शराबखोरी पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

#### छात्रावास में फैली...

28 अगस्त को भी छात्राओं द्वारा इसी तरह की अव्यवस्थाओं और इलाज की कमी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी, किंतु अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। आदिवासी छात्र युवा संगठन ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य और भोजन व्यवस्था की तत्काल जाँच की जाएं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नंदनी आंचला, वनिता आंचला, रविशंकर सलाम, संजय सलाम, हेमलता कोमरे, रेशमा कोरचा, रोशनी कोवाची, प्रेमबत्ती उसेण्डी, जामिता दूग्गा, रंजीता वड्डे, फार्मिला कुमेटी, ललिता वड्डे, सुमन नुरूटी, आसमा कोवाची एवं अमिला पद्दा व अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 4 तहसीलदार और 2 सीएमओ को शोकाज नोटिस

**दंतेवाड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रगतिशील है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गणना पत्रक का डिजिटल रूपांतरण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है। 24 नवंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की प्रगति अत्यंत कम पाई गई। इसके तहत कटेकल्याण तहसीलदार का प्रतिशत 43.67, दंतेवाड़ा 48.24, बड़े बचेली 44.41, कुआकोंडा 43.13 तथा नगर पंचायत गीदम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी का प्रतिशत 49.62 और दंतेवाड़ा का 44.85 दर्ज किया गया। यह आंकड़े अपेक्षाकृत कम होने से कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्ट कहा कि संबंधित अधिकारी गणना पत्रकों के डिजिटाइज्ड कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जो निर्वाचन कार्य में लापरवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्होंने उपरोक्त अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्य समय पर पूर्ण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### यशोदा ने 2 लाख ऋण लेकर शुरू किया स्वयं का व्यवसाय

दंतेवाड़ा। वर्ष 2023-24 से पहले ग्राम कुआकोण्डा पुजारीपारा की रहने वाली कुमारी यशोदा नाग अपने अनिश्चित भविष्य और परिवार की खराब आर्थिक स्थिति की समस्याओं से जूझ रही थी। पिता स्व. लक्ष्मीनाथ नाग के स्वर्गवासी होने के पश्चात परिवार को देखरेख का भार उसके कंधों पर आ पड़ा था। परिवार में उनके मां के अलावा दो छोटे भाई बहन भी थें जिनकें पढ़ाई लिखाई का जिम्मा भी उसे उठाना था। उसने पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते वह केवल 12 वीं तक ही पढ़ाई कर पाई थी। अंततः जिला अंत्याव्यसायी सहकारी विकास समिति की आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के बारे में उसने जानकारी जुटाई और कार्यालय जिला समिति दन्तेवाड़ा में आकर आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना में सभी आवश्यक दस्तावेज जमाकर इस योजना की सफल लाभार्थी बनने का सपना साकार किया। यशोदा बताती है कि व्यवसाय संचालन के लिए कार्यालय द्वारा 2 लाख रूपये का ऋण प्रदाय किया गया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य समय सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने

■ धान उपार्जन प्रगति एवं विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को दो दिनों के भीतर अपना गणना पत्रक भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ सीजन 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों में सतत निगरानी रखने, किसानों की सुविधाएं सुनिश्चित करने, जिले में अवैध रूप से धान के परिवहन व भंडारण पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नियद नेल्लानार क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना के विस्तार की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने को कहा गया। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए विशेष शिविर आयोजित कर सभी प्रकार के दस्तावेज ग्रामीणों को सुगमता से उपलब्ध कराने पर बल दिया। कलेक्टर ने आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सल पीड़ित परिवारों के सैचुरेशन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता आदि शीघ्र और सरलता से उपलब्ध कराने को कहा।

पुनर्वास केंद्र में उल्लास साक्षरता अभियान, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर पुनर्वासितों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे,अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तथा सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वनाधिकार, तेंदूपत्ता संग्रहण और अन्य योजनाओं पर भी निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने वनाधिकार प्राप्त किसानों के फौती नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निराकरण, बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाता खुलवाने,वनाधिकार पत्र हेतु प्राप्त नए आवेदनों का संयुक्त स्थल परीक्षण, पात्र हितग्राहियों को श्रम कार्ड, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ लंबित प्रकरणों को जल्द निराकृत कर मुआवजा राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# एसआईआर गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत उलनार में बकावंड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ली। उन्होंने एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान मताधिकार की सुरक्षा तथा वोटिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता

■ संगठन मजबूती पर बकावंड व करपावंड ब्लॉक में विधायक की बैठक

सुनिश्चित करने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म ग्राम स्तर पर भरे जा रहे हैं। जिनमें चिन्हित मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन बीएलओ के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा इस कार्य में बूथ स्तर के पदाधिकारियों बीएलए एवं बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करते हुए सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

विधायक ने कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि वास्तविक मतदाताओं के नाम न काटे जाएं और किसी भी स्थिति में फर्जी नाम जोड़े जाने न पाए। यदि देश में किसी पार्टी ने आम जनता के मताधिकार की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाई है तो वह कांग्रेस है। एसआईआर देशभर में वोटिंग में गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है जिसे राहुल गांधी ने देश के सामने रखा कांग्रेस आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। बैठक में बस्तर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने इस अभियान को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो, हर बूथ सशक्त हो यही कांग्रेस की नई दिशा और दृष्टि है। कांग्रेस का यह प्रशिक्षण तथा एसआईआर मॉनिटरिंग अभियान बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने एवं राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने का निर्णायक कदम है। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के सुदृढ़ क्रियान्वयन की शुरुआत



**दंतेवाड़ा।** जिला अस्पताल में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। विगत वर्ष हेल्थ सिस्टम इमरजेंसी प्रिपेरेडनेस विषय पर राज्य एवं संभाग स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसके आधार पर चयनित 7 जिलों में अस्पताल आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिनमें दंतेवाड़ा जिला भी शामिल है। मॉडल एचडीएमपी को व्यावहारिक रूप से लागू करने हेतु यूनिसेफ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ वंदना चौहान को जिलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है जो अस्पतालों को हैंड होल्डिंग, मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान इसी क्रम में जिला अस्पताल में एक बहु-विभागीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी के सदस्यों को शामिल रहे।

# भांसी में सड़क निर्माण से ग्रामीणों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

बुधराम पारा से डेम रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से जारी है। एनएमडीसी के सहयोग से हो रहे इस कार्य को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 70 वर्षों में पहली बार इस क्षेत्र में किसी बड़े निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है, जो उनके जीवन स्तर को सुलभ और बेहतर बनाने में मदद करेगा।

सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने एनएमडीसी के प्रति आभार जताते हुए पूरे गांव में इसी तरह के विकास कार्यों की मांग की है। उनका कहना है कि यदि गांव भर की सड़कों का निर्माण किया जाए, तो क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। वहीं, ग्रामीणों ने आवास समस्या पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि अधिकांश आदिवासी परिवार आज भी मिट्टी और लकड़ी के बने कच्चे घरों में रहते हैं। ऐसे में एनएमडीसी द्वारा गांव का सर्वे कर पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है, ताकि विकास का लाभ हर परिवार तक पहुँच सके। ग्रामीणों ने गांव में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की मांग भी उठाई है, जिससे मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिल सके।

# 300 छात्र-छात्राओं ने योग के गुर सीखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



मां दन्तेश्वरी के पावन धरा पर पांच दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन मां दंतेश्वरी कारीडोर में 25 नवंबर को समस्त नगर वासियों एवं पतंजलि परिवार दंतेवाड़ा के सामूहिक प्रयास से संपन्न हुआ।

योग शिविर में योग आसन, प्राणायाम, सुर्यनमस्कार आदि योगाभ्यास सिखाया गया। .स्वामी रामदेव एवं आचार्य बाल कृष्ण के योग आयुर्वेद, स्वदेशी, प्राकृतिक चिकित्सा पतंजलि के प्रकल्प आचार्यकुलम, गुरुकुलम, योग ग्राम, वेलनेस सेंटर, पतंजलि रिसर्च सेंटर के साथ पतंजलि के दिव्य औषधि से बीपी, शुगर, जोड़ो के दर्द, श्वसन तंत्र कें रोग, उदररोग के उपचार के लिए आयुर्वेदिक दवा बताया गया। मुख्यालय स्थित प्री मैट्रिक, पो. मैट्रिक हास्टल के करीबन 300 छात्र छात्राओं ने योग के गुर सीखे। प्रतिदिन हवन,काढ़ा वितरण, अंकुरित मुंग,चना,का वितरण किया गया। योग शिविर का संचालन आचार्य कैलाश, पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट हरिद्वार उमेश, राज्य कार्यकारणी सदस्य नरोत्तम , जिला प्रभारी संगठन मंत्री छबिल, भगतराम कोषाध्यक्ष ने किया। पायल गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्षा कैलाश मिश्रा उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजनाथ साय, नरेन्द्र साहू, निरंजन महराज, भैया लाल जी पटेल, भारती साहू, खिरेन्द्र ठाकुर, रामकुमार गुप्ता के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ।

# 217 मरीजों को मिला व्यापक उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



शिखर युवा मंच एवं एसबीआई फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से ग्राम पदेड़ा ब्लॉक एवं बीजापुर में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन

■ गंभीर मरीजों को किया गया रेफर, विशेषज्ञ डॉक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका

व्हील्स के माध्यम से आयोजित ऑर्थोपेडिक मेगा हेल्थ कैंप ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। हड्डी एवं जोड़ से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ उपचार हेतु आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। 217 मरीजों ने पंजीकरण कराया और स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाइयां तथा विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में 9 गांवों के लोगों की सहभागिता रही जिससे ग्रामीण समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ती जागरूकता स्पष्ट दिखाई दी। शिविर के दौरान 70 मरीजों की लैब जांच की गई। जिनमें मलेरिया 30, हिमोग्लोबिन 132 मरीजों का स्तर 8 ग्राम से कम पाया गया। 3 विडाल, 5 सिकलिन 6, एब्लड ग्रुप 1 प्राप्त परिणामों के आधार पर मरीजों को तत्काल दवाइयां और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया।

12 मरीजों को उपचार हेतु रेफर किया गया। जिनमें 11 मलेरिया पॉजिटिव मरीज तथा 1 ऑर्थोपेडिक हिप डिसलोकेशन का गंभीर मामला शामिल था। जिसे उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा गया। कैंप में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. यशवंत द्वारा जटिल हड्डी एवं जोड़ संबंधी मामलों की पहचान और उपचार संभव हुआए जिससे मरीजों को अत्यंत राहत मिली।

एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम बीजापुर ने शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में शामिल थे जिसमें मुकेश मानिकपुरी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, जीनूराम वर्मा, चिकित्सक, सिद्ध मौर्य फार्मासिस्ट, मनोरमा उसेंडी लैब तकनीशियन, खुशबूलता चौधरी, स्टाफ नर्स, सियाराम कुडियम सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# वास्तविक किसान की ही धान खरीदी की जा सके : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी किसानों से प्राथमिकता से टोकन काट कर खरीदी किए जाए। इसके अलावा कृषकों के गेट पास और सभी किसानों के अनिवार्यत फोटो भी लेना सुनिश्चित करें। ताकि वास्तविक किसान की ही धान खरीदी की जा सके। उन्होंने धान खरीदी के लिए अनावरी रिपोर्ट को समितिवार और ग्राम वॉर एंट्री करने कहा गया ताकि कृषकों के वास्तविक उपज धान की ही खरीदी हो। उन्होंने सभी समिति और उपार्जन केंद्र के द्वारा किसानों के धान बिक्री के पश्चात अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने और किसान पंजीयन के अपूर्ण, अप्राप्त व्यक्तिगत जानकारी को शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा। इस क्रम में उनके द्वारा जिले में धान खरीदी अवधि के दौरान अवैध धान परिवहन, खरीदी बिक्री को रोकने हेतु मंडी अधिनियम के अधीन कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर द्वारा उद्योग, जनपद पंचायत, श्रम तथा लीड बैंक अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार मेले के तहत शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान में युवाओं एवं स्व सहायता समूहों को प्राथमिकता में रखते हुए उपरोक्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय बना कर लक्ष्यापूर्ति करें।

### प्राथमिक शाला बड़े तुगाली में बच्चों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल

**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक शाला बड़े तुंगाली डाइस कोड 22203120001 में स्कूली बच्चों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति स्कूल से 600 मीटर दूर पर स्थित नलकूप के माध्यम से हो रहा है। स्कूल के बच्चों को नाला के पानी पीने तथा नाला के पानी से मध्यान्ह भोजन बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने बस्तु स्थिति की जानकारी ली। जिसमें प्रधानपाठक द्वारा बताया गया कि बच्चों के पीने के लिए एवं मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए नलकूप का शुद्ध पेयजल को उपयोग में लाया जाता है। स्कूल का संचालन शेड में किया जा रहा है तथा स्कूल से लगभग 600 मीटर दूरी पर स्थित नलकूप से प्रतिदिन रसोइयों द्वारा पेयजल लाया जाता है। जिसका मध्यान्ह भोजन बनाने और बच्चों के पीने हेतु उपयोग किया जाता है। वहीं जिला कार्यालय द्वारा विद्यालय में शौचालय निर्माण की स्वीकृति भी पूर्व में प्रदान की जा चुकी है जिसका निर्माण वर्तमान में प्रगति पर है।

# अफसरों की निगरानी में हो रहा एसआईआर कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

बस्तर विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया चल रही है, जिसका उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए एक त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बीएलओ के सहयोगी जनपद व तहसील कार्यालय में उपस्थिति देकर गणना पत्रक का अपलोड कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य में एसडीएम एवं तहसीलदार व सुपरवाइजर की निगरानी में कार्य संपादित किया जा रहा है जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया में तेजी से वृद्धि हो सके।

### थाना प्रभारी ने साइबर अपराध, यातायात नियमों, नशा के दुष्प्रभाव के बारे में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

ग्राम रेटावंड में महाविद्यालय बकावंड के छात्रों द्वारा 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, महिला संबंधित अपराध, यातायात नियमों और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों की उपस्थिति में छात्रों को इन विषयों पर गहन जानकारी दी और उन्हें सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए गए। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि किसी भी परेशानी में तुरंत पुलिस थाने के शासकीय मोबाइल नंबर या डायल 112 पर संपर्क किया जा सकता है। थाना प्रभारी ने स्कूल भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को समाज के प्रति जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा का अधिकार छीना जा रहा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा



चित्रकोट जलप्रपात परिसर में एसडीएम लोहंडीगुड़ा द्वारा नाका वाहन पार्किंग शुल्क पर लगाई गई रोक के बाद पर्यटन क्षेत्र में भारी अव्यवस्था, गंदगी और भीड़ प्रबंधन की समस्या लगातार बढ़ रही है। नाका बंद होने से ग्राम पंचायत को बड़ा राजस्व नुकसान हुआ है और गांव के कई युवा, जो नाका संचालन में रोजगार पा रहे थे, पिछले 6 महीनों से बेरोजगार हो गए हैं। ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों द्वारा कई बार उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कलेक्टर बस्तर और एसडीएम लोहंडीगुड़ा को आवेदन देने के बावजूद ग्राम सभा के स्पष्ट प्रस्ताव की लगातार अनदेखी की जा रही है। सरपंच भंवर मौर्य ने इसे ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया है। भंवर मौर्य का कहना है कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा सर्वोच्च है। फिर भी नाका सिल कर ग्राम सभा को कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले नाका का राजस्व अधिकारियों की वीआईपी खातिरदारी और निजी खर्च में इस्तेमाल होता था, जिसे उन्होंने रोककर पूरा पैसा विकास कार्यों में लगाना शुरू किया। इसके बाद उन्हें धारा 40 के जरिए पद से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। सरपंच मौर्य ने प्रशासन से सीधा सवाल पूछा कि ग्राम के युवाओं को 6 महीने से बेरोजगार किसने किया, ग्राम पंचायत के लाखों रुपये की हानि की भरपाई कौन करेगा, क्या प्रशासन करेगा। जितनी हानि पंचायत और युवाओं की हुई है, उसकी भरपाई प्रशासन को करनी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 30 नवंबर तक नाका की सील नहीं हटती है, तो दिसंबर से पूरे गांव के लोग एसडीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे।

# 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीयन के लिए होगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु ग्राम स्तर पर विशेष आधार शिविरों के आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर हरिस एस द्वारा इन शिविरों के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सबसे पहले सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्वे के अनुसार वंचित 0-5 वर्ष के हितग्राहियों (बच्चों) की सूची तैयार कर जनपद पंचायत और जिला कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। सूची बनाने के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ा है। जिन बच्चों का ऑनलाइन या ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है, सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाकर उपलब्ध कराया जाए। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम उनके आधार कार्ड में दर्ज नाम के समान हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र की प्रति हितग्राहियों के अभिभावकों को उपलब्ध करानी होगी।

शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजन से दो दिन पूर्व संबंधित ग्राम में कोटवार के माध्यम से शिविर स्थल एवं दिनांक के संबंध में मुनादी कराई जाएगी। शिविर स्थल पर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन, हितग्राही और उनके अभिभावकों को बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र और अभिभावक के आधार कार्ड के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित करेंगे। सर्वे सूची के अनुसार जिस ग्राम में 0-5 वर्ष के बच्चों की संख्या सर्वाधिक होगी, सर्वप्रथम आधार शिविर वहीं आयोजित किया जाएगा और शत-प्रतिशत पूर्ण होने तक इसका संचालन उसी ग्राम में जारी रहेगा। शिविरों के संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा रोस्टर के अनुसार ग्रामीण डाक सेवक की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### खरथा में अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का शुभारंभ, किसान परेशान

**चारामा।** आदिम जाति सेवा सहकारिता समिति मर्यादित ग्राम खरथा का खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी का शुभारंभ सोमवार को किया गया। खरीदी केंद्रों में किसान परेशान नजर आए। ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन नहीं कटने से किसान परेशान है। ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण तौल नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान और परेशान नजर आ रहा है। ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल लॉगिन बिना ओटीपी पासवर्ड नहीं आने के कारण सॉफ्टवेयर नहीं खुल रहा है। किसान को गेट पास नहीं हो रहा है। गेट पास होगा तब धान खरीदी होगा। किसान सुबह से धान लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन शाम होने तक सॉफ्टवेयर नहीं खुलने से किसानों को गेट पास नहीं मिल पा रहा हैं, जिससे किसानों का धान तौल भी नहीं हो पा रहा हैं। सोमवार को सात किसानों का धान खरीदी का टोकन कटा है। जिनसे खरीदी करनी है, लेकिन किसी को भी गेट पास नहीं मिल पाया।

### भानुप्रतापपुर मुख्य चौक में हुआ दिव्य धर्म ध्वजारोहण



**भानुप्रतापपुर।** अयोध्या धाम स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर सम्पन्न हुए भव्य धर्म ध्वजारोहण के शुभ अवसर पर भानुप्रतापपुर मुख्य चौक में भी उसी पावन मुहूर्त 11:58 बजे अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ दिव्य धर्म ध्वजारोहण सम्पन्न किया गया। श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान वातावरण में नगर के अनेक नागरिक एवं श्रद्धालु भक्तों ने सहभागिता कर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और राष्ट्रधर्म के प्रति हमारे सामूहिक समर्पण का दिव्य प्रतीक है। धर्मध्वजारोहण के दौरान भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ रामभक्ति में अभिभूत होकर सहभागिता की। कार्यक्रम में अनंत गोपाल कोठारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डड़सेना, मिलु दास महंत, लखन साहू, कस्तूरचंद जैन, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, राजीव श्रीवास, संजय नायक, खिलावन साहू, नोखेलाल साहू, सागर शर्मा, राहुल वैष्णव, गौरव शर्मा, विवेक डड़सेना, हर्ष शिवहरे, दीनू नथानी, वेद सिन्हा, हरीश कुशमा, योगेन्द्र, अजीत, अंकित जाधव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### निधन

#### धर्मसिंह पुड़ो

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम तराईघोटिया निवासी



70 वर्षीय धर्मसिंह पुड़ो का आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्रामवासी व रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

राहत : कलेक्टर ने एसडीएम को दिए निर्देश

# एग्रीस्टैक में छूटे हुए शेष किसानों का अब किया जाएगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समय-सीमा की बैठक लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एग्रीस्टैक में जिन किसानों का पंजीयन राजस्व अभिलेख के दुरूस्तीकरण अथवा कमी के कारण पूर्ण नहीं हो पाया है, उसे दूर कर शेष सभी किसानों के पंजीयन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषकों के खेतों का रकबा, खसरा, बी-वन आदि से संबंधित त्रुटियों का निराकरण सभी एसडीएम शीघ्रता से करें। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण व निराकृत करने के निर्देश दिए।

- खेतों का रकबा, खसरा, बी-वन आदि से संबंधित त्रुटियों का निराकरण करें

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ई-ऑफिस के माध्यम से सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्राचार करने तथा फाइलें प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जनपद पंचायत नरहरपुर, कांकेर और दुर्गुकोंदल में अल्प प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए कलेक्टर ने जनपद सीईओ को ई-ऑफिस के जरिए अनिवार्य रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। इसी तरह आगामी 7 दिसम्बर को अमीन भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर जानकारी ली। परीक्षा की नोडल अधिकारी आस्था बोरकर ने बताया कि इसके लिए जिले में 44 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें 09 हजार 554 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि व्यापमं द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग एवं दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरण व जमा करने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा वाहन अधिग्रहण के लिए आदेश जारी किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने शासन की मुख्यधारा से जुड़े आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए विभिन्न दस्तावेज जैसे आधार, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण-पत्र आदि तैयार करने के लिए संबंधित विभागों को कैम्प लगाकर बनाने तथा आवश्यक सहयोग करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन ने इसे उच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### लंबित प्रकरणों की हुई समीक्षा

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पीडीएस भवन निर्माण, सामाजिक अंकेक्षण, पोषण पुनर्वास केंद्र सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## बाइक चोर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। बार-बार की वारदातों से क्षेत्र में असुरक्षा की स्थिति बनी हुई थी, वहीं पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए थे। इस बढ़ती आपराधिक गतिविधि पर रोक लगाने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने विशेष टीम का गठन किया। टीम को क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की घटनाओं के संबंध में सुराग जुटाने और आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में दबिश दी जा रही थी, साथ ही मुखबिरों को सक्रिय कर हर छोटी-बड़ी जानकारी एकत्र की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम संबलपुर बस स्टैंड में तीन संदिग्ध युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिलों के साथ घूम रहे हैं और उन्हें बेचने के फिराक में ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और संभावित स्थानों पर दबिश देकर संदिग्धों की घेराबंदी की गई। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों व्यक्तियों से पूछताछ में उन्होंने चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की। पकड़े गए आरोपियों में बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय कार्तिक शेट्टी पिता वासुदेव शेट्टी, हाल निवास कब्रिस्तानपारा संबलपुर, शंकरनगर मुल्ला निवासी 26 वर्षीय नसरुद्दीन खान पिता अब्दुल गफ्फार खान तथा बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 42 वर्षीय वासुदेव शेट्टी पिता पड़वेलू, हाल निवास कब्रिस्तानपारा संबलपुर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। तीनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

भानुप्रतापपुर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

## धान खरीदी केंद्र सरोना में किसानों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना में इन दिनों किसानों को धान बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी सीजन के बीच समिति की व्यवस्थाओं में अचानक किए गए बदलावों ने किसानों को उलझन और असुविधा में डाल दिया है। समिति में नए ऑपरेटरों की नियुक्ति किए जाने के बाद टोकन काटने से लेकर धान की तौल प्रक्रिया तक कई स्तरों पर अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है। समिति अध्यक्ष जीवन नेताम ने बताया कि नए ऑपरेटरों को कार्य की समुचित जानकारी नहीं होने के कारण टोकन वितरण की प्रक्रिया में लगातार बाधाएं आ रही हैं। किसानों को सुबह से लाइन में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, फिर भी समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते किसानों में नाराजगी और निराशा देखने को मिल रही है। कई किसानों ने बताया कि पुराने ऑपरेटरों की कार्यशैली बेहतर थी और उनके साथ काम करने में कोई दिक्कत नहीं आती थी, परंतु नए ऑपरेटर प्रक्रियाओं को समझने में समय ले रहे हैं, जिससे सीजन के बीच में अव्यवस्था बढ़ गई है। समिति के कर्मचारी कुछ दिनों पहले हड़ताल पर चले गए थे। हड़ताल के दौरान ही नए ऑपरेटरों की नियुक्ति कर दी गई। हालांकि अब पुराने कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त कर वापस कार्यस्थल पर पहुंच चुके हैं, फिर भी नए ऑपरेटरों को कार्य में बनाए रखा गया है। इस वजह से दोहरी व्यवस्था बन गई है, जिससे काम सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। किसानों को भी नए ऑपरेटरों के साथ काम करने में कठिनाई हो रही है, क्योंकि कई बार गलतियों के कारण उनका समय और पैसा दोनों का नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है।



## शिक्षा समिति की बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मावा मोदोल भानुप्रतापपुर के सभा कक्ष में 25 नवंबर को शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड अंतर्गत किए गए युक्तिकरण के तहत शालाओं एवं शिक्षकों का समायोजन, शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षक शालाओं में शिक्षक व्यवस्था, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण की स्थिति, साइकिल वितरण, मासिक परीक्षा तथा नवोदय और एनएमएमएसई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तार से समीक्षा की गई। संकुल समन्वयकों ने अपनी-अपनी जानकारी प्रस्तुत की। जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष निर्मला कावड़े ने विद्यालय भवनों में सुधार, विशेषकर बालिका शौचालयों के मरम्मत कार्य तथा आश्रम छात्रावासों में भौतिक एवं सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी संकुल समन्वयकों को अपने क्षेत्र की शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल ने आश्वस्त किया कि विकासखंड में शिक्षा गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा विद्यार्थियों के कक्षागत स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में जनपद सदस्य दिलेश्वरी दर्रो, तेजबत्ती शोरी, खेमिन कोरेटी सहित खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरुटी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी और मंडल संयोजक कामदेव टेकाम उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों में नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरुकता, स्वच्छता के साथ व्यक्तित्व विकास को बनाना है मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



- लिलेझर में नशामुक्त भारत थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

चारामा के ग्राम परचापीपारा के ग्राम पंचायत लिलेझर में नशा मुक्त भारत थीम पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह विशेष शिविर शाउमावि लिलेझर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सर्वप्रथम ग्राम सरपंच लक्ष्मण सिंह नाग द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों शिवानी एवं उनके साथियों ने स्वयंसेवकों का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण में ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। तत्पश्चात आए हुए समस्त अतिथियों का बैज एवं तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राजेश महावीर द्वारा स्वागत उद्बोधन के बताया गया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत बनाना है। लक्ष्मण सिंह नाग, गरिमा रावटे एवं लखन लाल ठाकुर प्राचार्य के द्वारा स्वयं सेवकों के संबोधन में अनुशासन, समूह कार्य, एकता एवं शिविर के नियमों के प्रति निष्ठा रहने की बात कही गई। सात दिवसीय इस शिविर के दौरान स्वयंसेवक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामाजिक कार्यों का संचालन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विजय राय द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच लक्ष्मण सिंह नाग, डुमेश्वर रावटे, धर्मेंद्र रावटे, संस्था प्राचार्य लखन लाल ठाकुर, बेनूराम बोदलकर अल्पना बागमरिया, ऊलसी घोरापतिया, किशन घोरापतिया, देवकी मरकाम, हिंसाराम यादव सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## व्यावसायिक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



हमर लक्ष्य अभियान के तहत जिला स्तर पर शहीद रामकुमार यादव शाउमावि में जिले के व्यावसायिक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। हमर लक्ष्य अभियान के तहत सत्र 2025-26 में जिले के 50 शालाओं में संचालित व्यावसायिक शिक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करना है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षकों एवं प्राचार्या के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों एवं प्राचार्यों को व्यावसायिक शिक्षा की नवीनतम नीतियों और दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण के पद्धतियों, पाठ्यक्रम संरचना और मूल्यांकन प्रणाली पर चर्चा की गई और साथ ही उद्योगों की जानकारी और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने की रणनीति, ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों तक इस व्यवासायिक शिक्षा को पहुंचाने के उपायों को साझा कराया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों एवं प्राचार्यों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रति स्पष्ट समझ और दृष्टिकोण का विकास करने के साथ-साथ विद्यार्थियां का रोजगारोन्मुखीकरण पर जोर दिया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा डीएमसी नवनीत पटेल, एपीसी पेडागॉजी सहित प्रोग्रामर एवं सहायक उपस्थित रहे।

## जेपी इंटरनेशनल स्कूल में पश्चिम बंगाल, बाउल लोकगीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में सोमवार को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए युवा संगठन स्पीक मैके के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध बाउल लोकधुनों की प्रस्तुति ने वातावरण को सुरमय बना दिया। आमंत्रित कलाकार लक्ष्मण दास बाउल और संगतकार के तौर पर संदीप दास ने अपनी अद्वितीय गायन शैली से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम कलाकारों का स्वागत परंपरानुसार तिलक वंदन कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित कलाकारों एवं प्राचार्य ने परंपरानुसार माँ शारदा के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद कलाकारों द्वारा बाउल लोकगीतों की प्रस्तुति ने सभी को बंगाल की मिट्टी की खुशबू और जीवन दर्शन से जोड़ दिया। कलाकारों ने प्रेम, भक्ति और मानवता के संदेश से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। गीतों के बीच उन्होंने बाउल परंपरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि भारतीय लोककला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाउल गीत केवल संगीत नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है, जो हमें प्रेम, करुणा और ईश्वर से जुड़ाव का संदेश देता है। शिक्षकों ने इस आयोजन को सांस्कृतिक शिक्षा का महत्वपूर्ण अवसर बताया। उनका कहना था कि बाउल परंपरा साधना, भक्ति और मानवता की भावना को जीवित रखती है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में भारतीय परंपरा और लोककला के प्रति सम्मान और रुचि को बढ़ावा देते हैं। विद्यार्थियों ने इस आयोजन को अद्वितीय बताते हुए कहा कि बाउल गीतों की सरलता और गहराई ने उनके मन को छू लिया। कई विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने पहली बार इतने करीब से लोकसंगीत का अनुभव किया और यह उनके लिए प्रेरणादायक रहा।

#### अनुभव अविस्मरणीय रहेगा



कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रधानाचार्य ने कलाकार लक्ष्मण दास बाउल और संदीप दास का पारंपरिक रूप से शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस सम्मान समारोह ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कलाकारों ने विद्यालय प्रशासन और स्पीक मैके का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यहाँ आकर अपार खुशी मिली और यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा।

बूथ 81-82 पर दस्तावेज़ जांच, सत्यापन और नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया तेज

## विशेष समन्वित पुनरीक्षण संबंधी कार्य का मंडल अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर स्थित शासकीय पीएमश्री स्कूल संजयपारा में बूथ क्रमांक 81 और 82 के मतदाताओं के विशेष समन्वित पुनरीक्षण संबंधी कार्य का निरीक्षण एवं सहयोग मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे और मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास द्वारा किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने उपस्थित बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज़ों की जांच, नई प्रविष्टियों के सत्यापन तथा स्थान परिवर्तन व हटाव जैसी प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान अनेक स्थानीय नागरिक पहुंचे, जिनके फॉर्म 6 नया नाम जोड़ना, फॉर्म 7 नाम हटाना, फॉर्म 8 सुधार व स्थान परिवर्तन सहित अन्य आवश्यक प्रपत्रों को भरने में भी मंडल पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की सहायता की। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर के तहत पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य 4 दिसंबर तक लगातार संचालित रहेगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ स्तर पर निम्न कार्य किए जा रहे हैं 18 वर्ष या उससे अधिक के नए मतदाताओं का पंजीयन, मृत्यु, स्थानांतरण या दोहरी प्रविष्टियों को हटाने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान में किसी त्रुटि का सुधार, बस्तर एवं आदिवासी अंचलों में विशेष ध्यान देते हुए 100 प्रतिशत मतदाता कवरेज का लक्ष्य आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस बार डिजिटल सत्यापन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एनवीएसपी पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं, वहीं बीएलओ को घर-घर संपर्क कर नए योग्य मतदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के अनेक जिलों में विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकें। भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पुनरीक्षण शिविरों में पहुंचकर अपने दस्तावेज़ों की जांच कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

